## कक्षा: 12वीं

निर्धारित समय: 3 घंटा | विषय: इतिहास | अधिकतम अंक: 80

**सामान्य निर्देश –**

1. प्रश्न क्र. 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे। सही विकल्प 06 अंक, रिक्त स्थान 07 अंक, सही जोड़ी 06 अंक, एक शब्द या एक वाक्य में उत्तर 07 अंक, सत्य असत्य 06 अंक संबंधी प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न हेतु 1 अंक निर्धारित है।
2. प्रश्न क्र. 06 से 23 तक प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं
3. प्रश्न क्र. 6 से 15 तक अति-लघुत्तरीय प्रश्न हैं प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित है शब्द सीमा 30 शब्द
4. प्रश्न क्र. 16 से 19 तक लघुत्तरीय प्रश्न हैं प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित है शब्द सीमा 75 शब्द
5. प्रश्न क्र. 20 से 23 तक विश्लेषणात्मक प्रश्न हैं प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित है शब्द सीमा 120 शब्द
6. प्रश्न क्र. 23 मानचित्र आधारित प्रश्न हैं

**प्रश्न-1 निम्नलिखि प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए :-** 1X6=6

(i) सबसे पहले अभिलेख किस भाषा में मिले?
(अ)प्राकृत (ब) पाली (स)ब्राह्मी (द) खरोष्ठी

(ii) वर्ण व्यवस्था का मुख्य आधार था –
(अ) जाति (ब) धर्म (स) श्रम विभाजन (द) ईश्वर

(iii) कराइक्काल अम्मइयार किससे संबंधित थी -
(अ) इस्लाम (ब) भक्ति परम्परा (स) अलवार (द) नयनार।

(iv) भारत की राजधानी कलकत्ता से दिल्ली स्थानांतरित हुई ?
(अ) 1910 ई. में (ब) 1912 ई. में (स) 1909 ई. में (द) 1911 ई. में

(v) 'सर' की उपाधि किसने वापस की थी ?
(अ)महात्मा गांधी (ब) बालगंगाधर तिलक (स) रवीन्द्रनाथ टैगोर (द)जवाहरलाल नेहरू

(vi) अगस्त प्रस्ताव किसने प्रस्तुत किया 1940
(अ)लार्ड लिनलिथगो (ब)माउण्टबेटन (स) लार्ड कर्जन (द) लार्ड लिटन

**प्रश्न-2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :-** 1X7=7

(i) मौर्यकाल में दान में दी गई भूमि को...ब्रह्मदेय... कहते है। सरकारी भूमि सीता
(ii) गुप्त शासकों का राजचिन्ह .........था। गरुड़
(iii) चिश्ती संप्रदाय की स्थापना भारत में .........ने की थी। मोईनुद्दीन चिश्ती
(iv) जो ऋण अकबर किसानों को आवश्यकता पड़ने पर बीज,औजार तथा पशु खरीदने के लिए देता था उसे ...तकावी.... कहा जाता था।
(v) संथालों को बसने के लिए दिया गया भूभाग ........................ कहलाता था। दामिन - ए - कोह
(vi) पांचवी रिपोर्ट का उद्देश्य भारत में .............. को क्रियान्वित करना था। आर्थिक गतिविधियों
(vii) सर्वोदय योजना का प्रारंभ...विनोबा भावे...ने किया।

प्रश्न-3 सही जोड़ी बनाइए :- 1X6=6

| | |
|---|---|
| 1. सिद्धार्थ | (i) कलकत्ता में बनाया गया महल (6) |
| 2. मलिक मो. जायसी | (ii) खिलाफत आंदोलन (3) |
| 3. मुहम्मद शौकत अली | (iii) मुम्बई में बहुमंजिला इमारतें होती है (5) |
| 4. खान अब्दुल गफ्फार खां | (iv) गौतम बुद्ध का बचपन का नाम (1) |
| 5. चौल | (v) खुदाई खिदमतगार (4) |
| 6. राइटर्स बिल्डिंग | (vi) पद्मावत (2) |

प्रश्न-4 निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में लिखिए :- 1X7=7

(i) गुप्तकाल में कौन सा चीनी यात्री भारत आया था ? फाह्यान

(ii) वैदिक काल में प्रचलित चार आश्रमों के नाम लिखिए ?

(iii) जैन मत में अस्तेय का क्या अर्थ है ?

(iv) सोलहवीं-सत्रहवीं शताब्दी में कितने फीसदी लोग गांवों में रहते थे ? 85%

(v) कार्नवालिस कोड कब बना था ? 1793 ई.

(vi) अंग्रेजों ने फोर्ट जार्ज का किला कहा बनवाया मद्रास

(vii) पूना समझौता कब हुआ ? 24 सितम्बर 1932

प्रश्न-5 निम्न लिखित प्रश्नों के सत्य/असत्य बताइए :- 1X6=6

(i) कुषाण शासकों ने देवपुत्र की उपाधि धारण की थी ✓

(ii) मनुस्मृति के अनुसार पैतृक जायदार में पुत्रियों का हिस्सा होता था। ✗

(iii) महावीर स्वामी ने चार आर्यसत्य का सिद्धांत दिया। ✗

(iv) कबीर के गुरु चैतन्य महाप्रभु थे। ✗

(v) असहयोग आंदोलन 1920-22 में चलाया गया ✓

(vi) 1947 में पूर्वी पाकिस्तान स्वतंत्र होकर बांग्लादेश नामक नया राष्ट्र बन गया। ✗

प्रश्न-6 मौर्यकालीन इतिहास के प्रमुख स्रोत बताइये ? 2

अथवा

इतिहास लेखन में अभिलेखों का महत्व लिखिए ? 4

प्रश्न-7 सनातन धर्म में पुरुषार्थ के कितने प्रकार का वर्णन है ?/2 2

अथवा

महाभारत कालीन भारतीय समाज की प्रमुख समस्याएँ क्या थी ?

प्रश्न-8 शालभंजिका कौन थी ? 2

अथवा 14

सम्राट अशोक द्वारा बनवाएं गये दो स्तूपों व स्थापित स्थानों के नाम लिखिए ?

प्रश्न-9 हीनयान और महायान के अंतर को स्पष्ट करें ? 2

अथवा

बुद्ध के जीवन में लुम्बीनी व कुशीनगर स्थान का क्या महत्व है।

प्रश्न- 10 गुरुनानक की शिक्षाओं को लिखिए। 20 2

अथवा

नयनार और वीरशैवों ने किस प्रकार जाति प्रथा की आलोचना प्रस्तुत की ?

प्रश्न-11 पांचवी रिपोर्ट क्या थी ? 2

अथवा

स्थायी बंदोबस्त से कम्पनी को क्या लाभ हुआ ? 30

प्रश्न-12 सारसेनिक स्थापत्य शैली की कोई दो विशेषताएं लिखिए। 2

अथवा

भारत में यूरोपीय उपनिवेशों की स्थापना के प्रमुख कारण थे ? 35

प्रश्न-13 'रौलेक्ट एक्ट' पर संक्षिप्त जानकारी दीजिए 2

अथवा

'प्रत्यक्ष-कार्यवाही' दिवस क्या था ? 43

प्रश्न-14 उद्देश्य प्रस्ताव में किन आदर्शों पर जोर दिया गया था ? 2

अथवा

राज्य के नीति निर्देशक तत्व न्याय नियोग्य है ? क्यों ? 55

प्रश्न-15 भारतीय संविधान की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ? 2

अथवा

संविधान सभा में दलित जातियों के अधिकारों के संरक्षण के विषय में क्या कहा गया ? 56

प्रश्न -16 उत्तर मौर्य काल में विकसित राजत्व के विचारों की चर्चा कीजिए ? 3

अथवा

छठी शताब्दी ई.पू. के सिक्कों के अध्ययन से किस प्रकार इतिहासकारों को विभिन्न प्राचीन राज्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी मिलने में सहायता मिली ? वर्णन कीजिए। 6

प्रश्न-17 लिंगायत कौन थे ? सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र में उनके योगदान की व्याख्या कीजिए 26 3

अथवा

बौद्ध धर्म के चार आर्य सत्य क्या है ?

प्रश्न-18 भारतीय समाज में तम्बाकू की फसल का प्रसार किस प्रकार हुआ ? 3

अथवा

जजमानी व्यवस्था का क्या अर्थ है ? 26

प्रश्न-19 द्विराष्ट्र सिद्धांत का क्या अर्थ है ?यह किस प्रकार से भारतीय इतिहास की एक मिथ्या धारणा थी 3 48

अथवा

भारत विभाजन और जर्मन होलोकास्ट में क्या अंतर है ?

प्रश्न-20 'बे शरिया' और 'बा शरिया' सूफी परंपरा के बीच एकरूपता और अंतर दोनों को स्पष्ट कीजिए ? 4 24

अथवा

वह तमिल ग्रंथ जो तमिल वेद के रूप में जाना जाता है का संक्षिप्त परिचय दीजिये।

Scanned with CamScanner

प्रश्न-21 भवन निर्माण की नव-गार्थिक शैली तथा इंडो सारसेनिक शैली को समझाइए ? 4

अथवा

" व्हाइट टाउन" और " ब्लैक टाउन " में अंतर लिखिए ? 37

प्रश्न-22 क्रिप्स मिशन से क्या आशय है ? क्यों असफल रहा स्पष्ट कीजिए ? 4

अथवा

स्वदेशी आंदोलन सेआप क्या समझते है ? 46

प्रश्न-23 भारत के सीमांकित मानचित्र में निम्नलिखित स्थानों को प्रदर्शित कीजिए | 4

(1) चौरा- चोरी स्थान

(2) संथाल विद्रोह का प्रारंभिक केंद्र

(3) रैयत वाडी व्यवस्था का प्रारंभिक केंद्र

(4) कैलाश नाथ मंदिर

अथवा

भारत के सीमांकित मानचित्र में निम्नलिखित स्थानों को प्रदर्शित कीजिए |

(1) बुद्ध का जन्म स्थान

(2) बुद्ध का प्रथम उपदेश स्थान

(3) एरण

(4) चंपारण

Scanned with CamScanner